E-mail : upshec@gmail.com,
Website : www.uphed.gov.in/council

Phone : 0522-2287025
0522-4306795

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्

619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001

पत्रांक 795/रा0उ0शि0प0/53/197
दिनांक : 09-05-2023

सेवा में,

कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

विषयः प्री.पी.एच.डी. कोर्स वर्क को ऑनलाइन भी कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुये अवगत कराना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन से संबंधित 18 Actionable Points पर अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 08.05.2023 को आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये गये थे कि प्री0पी0एच0डी0 कोर्स वर्क करने हेतु ऑनलाइन की भी सुविधा प्रदान की जाय। इस संबंध में शासन के आदेश दिनांक 06.01.2022 के अनुपालन में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा प्री0पी0एच0डी0 कोर्स को ऑनलाइन करने की सुविधा प्रदान कर दी गयी है। अतएव अपेक्षित है कि आपके विश्वविद्यालय द्वारा भी लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की भॉति प्री.पी.एच.डी. कोर्स को ऑनलाइन करने हेतु नियमों में आवश्यक संशोधन किये जाय जिससे शिक्षकों को अवकाश की आवश्यकता न पड़े।

अतः अनुरोध है कि कृपया प्री.पी.एच.डी. कोर्स वर्क को ऑनलाइन कराने की सूचना निम्नवत निर्धारित प्रारूप पर उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद की ई–मेल आई0डी0 upshec@gmail.com पर सॉफ्ट कॉपी एवं हार्डकापी में दिनांक 10.05.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे शासन को संकलित सूचना यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जा सके:–

विश्वविद्यालय का नाम	क्या प्री.पी.एच.डी. कोर्स वर्क के लिये ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है? (हॉ/नहीं)

भवदीय,
09.5.23
(प्रो0 आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव

पत्रांक : ——/रा0उ0शि0प0/ ——/ —— तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन/सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2– विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन।
3– निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज।
4– प्रो0 (डॉ0) दिनेश चन्द्र शर्मा, कु0 मायावती राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर।

(प्रो0 आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव

sanjay